| | |
|---|---|
| लंगर उठाना | रुके हुए जहाज का रवाना होना। |
| लंगर करना | शरारत या ढिठाई करना। उ०- बोलि लियो बलराम, यशुमति। बावहु लाल सुनो हरि के गुण कालिहि तें लंगयो करत अति। सूर । जहाज का ठहरना, पड़ाव करना। |
| लंगर डालना | जहाज के लंगर को नदी या समुद्र में फेंकना। जहाज को खड़ा करना। |
| लंगर बांधना | पहलवानी करना। ब्रह्मचर्य धारण करना। लड़ने को प्रस्तुत होना। |
| लंगर लंगोट कसना | लड़ने को तैयार होना। |
| लंगर लंगोट(किसी को)देना | पहलवानी सीखने के लिए किसी की शिष्यता स्वीकार करना। |
| लंगोट फाड़ डालना | कुश्ती छोड़ देना। |
| लंगोट बांधना | लड़ने को तैयार होना। कुश्ती के लिए तैयार होना। |
| लंगोटी तक उतार लेना | पास में कुछ भी धन न रहने देना। कंगाल कर देना। |
| लंगोटी बंधवाना | अत्यधिक दरिद्र कर देना। धनहीन कर देना। |
| लंगोटी बांध लेना | दरिद्र होना। सांसारिक सुखों का त्याग करना। |
| लंगोटी बांधे फिरना | गरीबी के कारण नंगा फिरना। |
| लंगोटी बिकवाना | ऐसा करना कि पहनने के वस्त्र तक न रह जायें। |
| लंगोटी में फाग खेलना | थोड़ा साधन होने पर विलास की ओर दौड़ना। सम सामर्थ्य होने पर भी अत्यधिक व्यय करना। |
| लंगोटी में मस्त | गरीबी की हालत में खुश रहनेवाला। |
| लंबा करना | किसी को रवाना करना। चलता करना। चित करना। उ०- खर नास्यो छन समर अनल खरनासे जैसे। कियो भूमि पर लंब नासि परलंबहि तैसे। गिं० दास । घता करना। हटाना। दराज करना। |

| | |
|---|---|
| लंबा होना | चल देना। रवाना होना। प्रस्थान करना। |
| लंबी चौड़ी हांकना | डींग मारना। |
| लंबी जबान रखना | खाने का लालची होना। |
| लंबी तानकर सोना | बेफिक्र होकर सोना। |
| लंबी तानना | बेफिक्री से सो जाना। बेखबर होकर देर तक सोना। |
| लंबी मौज | दूर तक का बहाव। |
| लंबी सांस भरना | शोक-दु:ख से सांस लेना, आहें भरना। |
| लंबी सांस लेना | शोक-दु:ख से सांस लेना, आहें भरना। |
| लकड़ी चलना | मार-पीट होना। लाठी चलना। |
| लकड़ी देना | मुरदा जलाना। |
| लकड़ी फेरना | किसी को अपने अनुकूल या वश में करना। |
| लकड़ी सा | बहुत दुबला। पतला |
| लकड़ी सुंघाना | किसी को अपने अनुकूल या वश में करना। |
| लकड़ी होना | दुबला और कमजोर होना। |
| लकवा मारना | लकवा रोग से ग्रस्त होना। |
| लकीर का फकीर | बिना समझे बूझे किसी प्राचीन प्रथा पर चलनेवाला। उ०- अरून लकीर को फकीर बनो बैठो है। रसाल। |
| लकीर पर चलना | पुरानी प्रथा पर चलना। |
| लकीर पीटना | पुरानी प्रथाओं पर चलना। पछताना। |
| लग चलना | किसी के साथ या पीछे हो लेना। किसी का साथ पकड़ना। |
| लगती बात कहना | मर्मभेदी बात कहना। चुटकी लेना। |
| लगन धरना | विवाह का मुहुर्त स्थिर कराना। उ०- अंध कहे अंधा पतियात, ज्स बिसवा के लगन धराय। कबीर। |
| लगाना बुझाना | झगड़ा कराना। |
| लगाना बुझाना | झगड़ा करके सुलह कराना। |

| | |
|---|---|
| लगाम कड़ी करना | घोड़े की चाल ढीली करना।कार्यादि का नियंत्रण करना। |
| लगाम चढ़ाना | किसी को कोई कार्य करने से,विशेषत: बोलने से रोकना।लंगोट कसना। |
| लगाम ढीली करना | घोड़े को मनचाही चाल चलने देना।कार्यादि का नियंत्रण न रखना। |
| लगाम देना | किसी को कोई कार्य करने से प्रतिबद्ध करना,संयत करना। |
| लगाम लिए फिरना | किसी को पकड़ने,बांधने या वश मे करने के लिए उसका पीछा करना।बराबर ढूंढते फिरना। |
| (किसी चीज की)लगाम हाथ मे लेना | संचालन सूत्र हाथ मे लेना। |
| लगी बुझाना | इच्छा पूरी होना। |
| लगी बुरी होती है | इश्क बुरी बला है। |
| लगे हाथ | साथ ही,इसी सिलसिले मे। |
| लगे हाथो | साथ ही,इसी सिलसिले मे। |
| लग्गा लग जाना | काम शुरू हो जाना।कार्य का सूत्रपात हो जाना। |
| लग्गी लगाना | काम को सिलसिला देना,बराबर चलाये जाना। |
| लज्ज करना | किसी बात की बड़ाई की रक्षा का ध्यान करना।मर्यादा का विचार करना। |
| लट छिटकाना | सिर के बालो को खोलकर बिखेरना। |
| लट पड़ना | सिर के बालो का उलझना,लिपटना। |
| लटकती चाल | बल खाती हुई मनोहर चाल।उ०- भृकुटि मटकनि पीत पट चटक लटकती चाल।चल चख चितवनि चोर चित लियो बिहारी लाल। बिहारी । |
| लटिया करना | सूत को लपेटकर आंटी या लच्छा बनाना। |

| | |
|---|---|
| लटी मारना | गप हांकना। सीटना। झूठी बात कहना। |
| लट्टू होना | मोहित होना। आसक्त होना। लुभाना। उ०-(क) हम तौ रीझि लट्टू भई लालन महा प्रेम तिया जाति। सूर। (ख) व्याह ही तें भए कान्ह लट्टू तब ह्वै कहा जब होयगो गौनो। पद्माकर। चाह में हैरान होना। प्राप्ति के लिए उत्कंठित होना। उ०- जा सुख की लालसा लट्टू सिव सनकादि उदासी। तुलसी। |
| लट्ठ लिए फिरना | लाठी लेकर चलना। किसी वस्तु, सिद्धान्त, व्यक्ति का बराबर विरोध करना। विरुद्ध आचरण करना। |
| (मन के) लड्डू खाना | ऐसे लाभ की कल्पना करना जिसका होना। कठिन हो |
| लड्डू खिलाना | उत्सव मनाना। दावत करना। |
| लड्डू बंटना | लाभ या प्राप्ति होना। |
| लड्डू मिलना | लाभ होना। |
| लड़ मिलाना | मेल करना। मित्रता करना। |
| लड़ में रहना | किसी दल या पक्ष में शामिल होना। अनुयायियों में रहना। |
| लड़कों का खेल | बिना मेहनत की बात। सहज बात या काम। |
| लड़ाई का मैदान | रणक्षेत्र। |
| लड़ाई पर जाना | योद्धा या सैनिक के रूप में रणक्षेत्र में जाना। |
| लत्ता उड़ जाना | टुकड़े-टुकड़े हो जाना। नष्ट होना। |
| लत्ते लेना | आड़े हाथ लेना। उपहास करना। बनाना। |
| लथाड़ खाना | पटका जाना। पछाड़ा जाना। ध्वस्त किया जाना। नष्ट किया जाना। डांटा जाना। फिड़का जाना। घुड़की सुनना। |
| लथाड़ पड़ना | डांटा जाना। फिड़का जाना। |
| लथाड़ में पड़ना | कठिन स्थिति में पड़ना। झमेले या हैरानी में पड़ना। |
| लप लप करना | लचीली छड़ी हवा में तेजी से हिलाकर ध्वनि उत्पन्न करना। झलकना। चमकाना। |

| | |
|---|---|
| लप से | लौ या लपट की तरह तेजी से। त्वरापूर्वक। फट से। |
| लपक कर | तुरन्त तेजी से जाकर। तुरन्त। फट से। उ०- ताही समय उठे घनघोर दामिनी सी धाय उर लागी स्यामघन सौं लपकि कै। केशव। बेढंगी चाल। चपलता की चाल। |
| लपफप चाल | बेढंगी चाल। चपलता की चाल। |
| लपना फपना | हैरान या परेशान होना। |
| लब खुश्क होना | होंठ सूखना। |
| लब खोलना | बोलना। बात करना। |
| लब पर आना | होठों पर आना। कहा जाना। |
| लब भर | थोड़ा सा। नाम-मात्र को। |
| लब सीना | मुंह मुंह बंद करना। |
| लब हिलना | बात निकलना। |
| लबड़धोंधों चलना | बेईमानी का चाल सफल होना। |
| लबों पर जान आना | मरणासन्न होना। |
| लबों से लगाना | मुंह से लगाना। |
| लय देखना | ठीक लय में गाना। |
| ललाट का लिखा | भाग्य का लेख। |
| ललाट में होना | भाग्य में होना। |
| लहना चुकाना | कर्ज अदा करना। ऋण दे देना। |
| लहना पटाना | ऋण दे देना। कर्ज अदा करना। |
| लहना साफ करना | ऋण दे देना। कर्ज अदा करना। |
| लहर आ जाना | धुन बंधना। इच्छा का जोर मारना। |
| लहर आना | आनन्द आना। उमंग पैदा होना। सांप के काटने पर बदन में लहर उठना। |

| | |
|---|---|
| लहर उठना | मौज आना। जोश होना। उमंग उठना। |
| लहर छूटना | उमंग पैदा होना। |
| लहर देना | रह रहकर कष्ट या पीड़ा होना। सीधा न जाकर मुड़ते हुए जाना। |
| लहर बहर | सब प्रकार का आनन्द और सुख। |
| लहर मारना | रह रहकर कष्ट या पीड़ा होना। सीधा न जाकर मुड़ते हुए जाना। आनन्द भोगना। मौज करना। |
| लहर लेना | आनन्द भोगना। दरिया का मौज मारना। लहर में स्नान करना। |
| लहू उबलना | सख्त गुस्सा आना। |
| लहू उभर आना | किसी जगह से लहू थोड़ा-थोड़ा करके निकलना। |
| लहू औटना | क्रोध या गम से जोश पैदा होना। |
| लहू का घूंट पीकर रह जाना | गुस्सा सह लेना। |
| लहू का प्यासा | जानी दुश्मन। |
| लहू खुश्क कर देना | बहुत डरा देना। |
| लहू पसीना एक करना | सख्त मुसीबत उठाना। |
| लहू पानी एक करना | सख्त मुसीबत उठाना। |
| लहू पानी एक होना | गुस्से के मारे खाना-पीना अंग न लगना। |
| लहू पानी होना | क्रोधाभिभूत होना। |
| लहू पी जाना | कत्ल करना। |
| लहू पीना | तकलीफ देना। |
| लहू पी-पीकर रह जाना | गुस्सा चुपचाप सह लेना। |
| लहू बिगड़ना | खून का खराब होना। |
| लहू बोलना | हत्या का स्वयं प्रकट होना। |

| | |
|---|---|
| लहू में नहाना | घात-विघात होना। |
| लहू लगा (मल) कर शहीद होना | थोड़ा काम करके बड़ा काम करनेवालों में अपनी गणना करना। |
| लहू सफेद हो जाना | सहानुभूति या दया का न रहना। |
| लहूलुहान होना | खून से भर जाना। अत्यन्त लहू बहना। विशेष रक्तस्राव होना। |
| ला दावा लिखना | यह लिखना कि अमुक वस्तु पर अब हमारा कोई अधिकार नहीं रह गया। |
| लापता हो जाना | गायब हो जाना। |
| लाख का घर खाक होना | |
| लाख टके की बात | अत्यन्त उपयोगी बात। |
| लाख से लीख होना | अत्यधिक से अत्यल्प हो जाना। सब कुछ खो बैठना, कुछ न रह जाना। उ०- बहुतक भवन सोह अंतरीखा। रहे जो लाख भए ते लीखा। जायसी । |
| लाज धरना | अपनी मर्यादा की रक्षा करना। नष्ट होती हुई प्रतिष्ठा की रक्षा करना। |
| लाज बचाना | प्रतिष्ठा बचाना। आबरू खराब न होने देना। किसी को लज्जित या अपमानित होने से बचाना। |
| लाज सम्हालना | लाज बचना या रखना। |
| लाठी चलना | लाठी से मार-पीट होना। |
| लाठी चलाना | लाठी से मार-पीट करना। |
| लाठी बांधना | लाठी लिए रहना। दंड धारण करना। लाठी साथ रखना। |
| लाठी सा मारना | कटु तथा कठोर बात कहना। |
| लात खाना | पैरों की ठोकर से मारा जाना। मार खाना। |
| लात चलाना | लात से मारना। |

| | |
|---|---|
| लात खाना | दुहनेवाले को लात मारकर दुधार जानवरों का हट जाना। |
| लात मारकर खड़ा होना | प्रसव के बाद स्त्री का चलने फिरने योग्य होना। नीरोग होकर चलने फिरने लगना। |
| लात मारना | किसी वस्तु को तुच्छ समझकर छोड़ देना। त्याग देना। उपेक्षा करना। घृणा करना। |
| लानत का तौक़ (गले में) पड़ना | बदनाम, बेइज्जत होना। |
| लानत का मारा | घृणित, कुत्सित, अभागा। |
| लानत की बौछार | लगातार, अत्यधिक भर्त्सना। |
| लानत बरसना | चेहरे पर उदासी होना। लानत की बौछार होना। |
| लानत भेजना | धिक्कारना। कोसना। घृणापूर्वक त्याग देना। ठुकराना। |
| लाम काफ कहना | बुरा-भला कहना। लानत-मलामत करना। |
| लाम पर जाना | लड़ाई के मोर्चे पर जाना। |
| लाम बांधना | चढ़ाई के लिए सेना तैयार करना। बहुत से लोगों को एकत्र करना। बहुत सा सामान जमा करना। |
| लाय देना | आग लगाना। जलाना। उ०- ख्वाय विष, गृह लाय दीन्हो, तउ न पाये जरन। सूर । |
| लार आना | किसी चीज को पाने का लोभ होना। |
| लार टपकना | किसी चीज को पाने की परम लालसा होना। मुंह में पानी भर आना। |
| लार लगाना | फंसाना। बहकाना। उ०- षट दरसन पाखंड न्यावनै भरनि भयो संसार। बेद पुरान सबै मिलि गावैं कर्म लगायो लार। कबीर । |
| लाल अंगारा | बहुत लाल। अत्यन्त क्रुद्ध। |
| लाल आंखें दिखाना | क्रोध से आंखें लाल करना। गुस्से से देखना। |
| लाल आंखें निकालना | क्रोध से आंखें लाल करना। गुस्से से देखना। |

| | |
|---|---|
| लाल उगलना | अच्छी, प्यारी और महत्व की बातें कहना। मीठी और सुन्दर बातें कहना। |
| लाल पड़ना | क्रुद्ध होना। रूष्ट होना। नाराज होना। उ०- दशरथ लाल ह्वै कराल कह्यु लाल परि, माधत भयौई नेकु रावणै न गनहौं। पद्माकर। |
| लाल पीला होना | गुस्सा होना। क्रोध करना। |
| लाल हो जाना | क्रोध करना। गुस्सा होना। |
| लाल होना | बहुत आर्थिक सम्पत्ति वाला, सम्पन्न होना। |
| लालच देना | किसी के मन में लालच उत्पन्न करना। |
| लाला भय्या करना | किसी को आदरपूर्वक सम्बोधन करना। आदर के साथ बातचीत करना। |
| (किसी चीज के) लाले पड़ना | किसी चीज को देखने या पाने के लिए अत्यधिक तरसना। किसी चीज के अप्राप्य या पहुंच के बाहर होने के कारण अत्यधिक लालायित होना। उ०- तिन्है देखिबे को अब लौं परै। हरि० । |
| लाव उठाना | बन्धक रखकर रूपया उधार देना। किसानों को उनके कष्ट के समय ऋण देना। तकावी देना। |
| लाव चलाना | चरसे से पानी निकालकर खेत सींचना। |
| लावा मेल देना | मंत्र से उच्चाटन करना। |
| लाश उठना | मर जाना। |
| लाश गलियों में खिंचवाना | मरने के बाद जलील करना। |
| लाश पर लाश गिरना | (युद्ध में) लाशों के ढेर लग जाना। |
| लास करना | चलती हुई नाव को रोकने के लिए डांड़ों को चलाते हुए पानी में बेड़े बल में ठहराना। |
| लासन देना | मस्तूल के चारों ओर रस्सी लपेटना। |
| लासा लगाना | झगड़ा कराना। फंसाना। |
| लासा हो जाना | चिपक जाना। पीछा न छोड़ना। |

लाहौल पढ़ना — लाहा गिप पिशाच आदि को भगाने के लिए लाहौलवलाकूवत पढ़ना। अत्यधिक घृणा प्रकट करना।

लिखत पढ़त होना — लिखा पढ़ी होना। लेख के रूप में पक्का होना।

लिखना पढ़ना — अध्ययन करना। विद्यार्जन करना।

लिखाना पढ़ाना — शिक्षा देना। लेखबद्ध कराना।

लिफाफा खुल जाना — भेद खुल जाना। छिपी हुई बात का प्रकट हो जाना। असली रूप प्रकट हो जाना।

लिफाफा बदलना — ठाट बदलना। नयी वेश-भूषा धारण करना।

लिफाफा बनाना — ठाट बनाना। आडम्बर करना। ढकोसला करना।

लिवा लाना — साथ ले आना।

लिहाड़ी लेना — उपहास करना। ठट्ठा करना। बनाना। निंदा करना।

लीक करके — इस बात की दृढ़ प्रतिज्ञा करके कि ऐसा ही होगा। निश्चयपूर्वक। जोर देकर। उ०- आगम निगम पुरान कहत करि लीक। तुलसी।

लीक खींचना — साख बंधना। प्रतिष्ठा स्थिर होना। उ०- हरि चरनार-बिंद तजि लागत अनत कहूं तिनकी मति कांची। भगवंत भजत जे तिनकी लीकक्कह चहुं दिसि खांची। सूर।

लीक खींचकर — इस बात की दृढ़ प्रतिज्ञा करके कि ऐसा ही होगा। निश्चयपूर्वक। जोर देकर। उ०- सूर स्याम तेरे बस राधा कहति लीक मैं खांची। सूर।

लीक खींचना — दृढ़ निश्चय करना।

लीक पकड़ना — धुरी पर चलना। पगडंडी पर होना।

लीक पीटना — पुराने रस्म पर चले जाना। चली आती हुई प्रथा का अनुसरण करना।

लीक लगना — किसी के दिखलाये हुए मार्ग पर चलना। अनुकरण करना।

लीक लीक चलना — रास्ते पर चलना। पुरानी रीति या प्रणाली पर ही चलना।

| | |
|---|---|
| ठीक से बेठीक होना | गुमराह होना। पुरानी चाल छोड़ना। |
| लीद करना | घोड़े आदि का मल त्याग करना। |
| लीपना पोतना | सफाई करना। |
| लीप-पोतकर बराबर करना | काम बिगाड़ना। चौपट करना। चौका लगाना। सत्यानाश करना। |
| लीपा पोती करना | गंदा लिखना। काट छाँटकर लिखना। गलती को ढकने का प्रयास करना। |
| लुक छिपकर | बहुत ही गुप्त रूप से। अप्रकट में। किसी के देखने में नहीं |
| लुक़मान के पास दवा नहीं | रोग का असाध्य होना। |
| लुक़मान को हिकमत सिखाना | बुद्धिमान को अक्ल सिखाना। बेवकूफी की बात करना। |
| लुग़त छांटना | पांडित्य प्रदर्शन के लिए क्लिष्ट, अप्रचलित शब्दों का व्यवहार करना। |
| लुग़त तराशना | शब्द गढ़ना। क्लिष्ट शब्दावली का व्यवहार करना। |
| लुटिया डुबाना | महत्व खोना। बड़ाई नष्ट करना। प्रतिष्ठा नष्ट करना काम बिगाड़ना। सब काम चौपट करना। सर्वनाश करना। कलंक लगाना। अपयश का काम करना। |
| लुढ़कना पुढ़कना | गिरना पड़ना। |
| लुत्फ उठाना | मजा पाना। |
| लू मारना | तप्त हवा लगने से ज्वर आदि हो जाना। |
| लू लगना | तप्त हवा लगने से ज्वर आदि होना। |
| लूका लगाना | आग छुलाना। आग लगाना। जलाना। वैमनस्यकारी बात कहना। |
| (मुंह में) लूका लगाना | मुंह जलाना। अपमान करना। (औरतों की गाली)। |
| लूट खाना | अनुचित ढंग से किसी का धन ले लेना। किसी का धन अनुचित रीति से ले लेना। किसी का माल मारना |
| लूटना पाटना | लूटमार करना। |

| | |
|---|---|
| लूती लगाना | आग लगाना। झगड़ा लगाना। |
| लूलू बनाना | मूर्ख बनाना। बातों में मूर्ख प्रमाणित करना। उपहास करना। निंदा करना। |
| ले आना | लेकर आना। |
| ले उड़ना | कोई चीज लेकर भाग जाना। किसी बात का संकेत पाते ही वितंडावाद खड़ा करना। बिना समझे बात का बतंगड़ करना। |
| ले चलना | लेकर चलना। चलते समय किसी को साथ करना। साथ साथ गमन कराना या पहुंचाना। थामकर या उठाकर चलना। |
| ले जाना | लेकर जाना। पास में रखकर प्रस्थान करना। |
| ले डालना | खराब करना। चौपट करना। नष्ट करना। पराजित करना। हराना। किसी काम को निपटा देना। पूरा करना। समाप्त करना। |
| ले डूबना | अपने साथ दूसरे को भी खराब करना। या नष्ट करना |
| ले-दे करना | हुज्जत करना। तकरार करना। बहुत प्रयत्न करना। बड़ी कोशिश करना। |
| ले-देकर | जोड़-जाड़कर। बड़ी मुश्किल से। कठिनाई से। |
| ले देना | दूसरे को मोल लेकर देना। खरीद देना। |
| ले निकलना | लेकर चल देना। |
| ले पड़ना | अपने साथ जमीन पर गिरा देना। सम्भोग करने लगना |
| ले पालना | गोद लेना। दत्तक लेना। |
| ले बीतना | खराब करना। चौपट करना। नष्ट करना। पराजित करना। हराना। किसी काम को निपटा देना। पूरा करना। समाप्त करना। |
| ले बैठना | बोझ लिए डूब जाना (नाव आदि का)। अपने साथ नष्ट या खराब करना। किसी व्यवसाय का पूंजी सहित नष्ट हो जाना। |

| | |
|---|---|
| ले भागना | लेकर भाग जाना। |
| ले मरना | अपने साथ नष्ट या बरबाद करना। |
| ले रखना | खरीदकर रख छोड़ना। |
| लेखना जोखना | अन्दाज लगाना। कूतना। जांच करना। |
| लेखनी उठाना | लिखना शुरू करना। |
| लेखा जांचना | यह देखना कि हिसाब ठीक है या नहीं। |
| लेखा डालना | हिसाब किताब खोलना। लेन देन के व्यवहार को बही में लिखना। |
| लेखा डेवढ़ करना | हिसाब साफ करना। हिसाब बराबर करना। चौपट करना। नाश करना। |
| लेखा पूरा करना | हिसाब चुकता करना। पिछला देना चुकाना। |
| लेखा साफ करना | हिसाब चुकता करना। पिछला देना चुकाना। |
| लेन देन न होना | व्यवहार न होना। सरोकार न होना। सम्बन्ध या प्रयोजन न होना। उ०- हमें कछु न देन लेवै ए बीर। तुम्हारे। सूर। |
| लेना देना होना | मतलब या प्रयोजन होना। सरोकार होना। |
| लेने के देने पड़ना | लेने के स्थान पर उलटे देना पड़ना। भले के लिए कुछ करते हुए बुरा होना। (किसी मामले में) लाभ के बदले हानि होना। बहुत कठिन समय आना। जान पर आ बनना। |
| लेव चढ़ाना | मोटा होना। मोटाई आना (व्यंग्य)। |
| लेव लगना | (धान आदि बोने के लिए) मेड़ के बराबर पानी होना |
| लेवा लगना | धान बोने लायक स्थिति होना। |
| लेहाड़ी करना | बनाना। हंसी उड़ाना। |
| लेहाड़ी लेना | बनाना। हंसी उड़ाना। |
| लौपा लगाना | चुगली खाना। |

| | |
|---|---|
| लोचन भर आना | आंखों में आंसू छलछला आना। आंखे भर आना। उ०- यह सुनिकै हलधर तहं धाये। देखि श्याम ऊखल सों बांधे, तबही दोउ लोचन भरि आये। सूर। |
| लोट जाना | बेसुध होना। बेहोश हो जाना। मर जाना। लुढ़कना। संज्ञाहीन होना। |
| लोट-पोट कर उठ खड़ा होना | बीमार होकर अच्छा हो जाना। |
| लोट पोट करना | लेटना। विश्राम करना। |
| लोट पोट होना | प्रसन्नता से नाच उठना। अधिक हंसने के फलस्वरूप कारण गिर पड़ना। |
| लोट मारना लोना | लेटना। सोना। किसी के प्रेम में बेसुध होना। |
| लोट लगाना | लुढ़कना। लेट जाना। |
| लोट हो जाना | किसी चीज पर आशिक होना। रीझना। व्याकुल होना। |
| लोट होना | आसक्त होना। रीझना। व्याकुल होना। |
| लोटता फिरना | तड़पता फिरना। व्याकुल होना। |
| लोटा लोटा फिरना | दर्द आदि से तड़पना। |
| लोटिया डूबना = असफल होना। प्रतिष्ठा की हानि होना। | |
| लोढ़ा डालना | बराबर करना। उ०- घुमि चहुं दिसि झूमि रहे घन बूंदन ते छिति डारत लोढ़े। रघुनाथ। |
| लोढ़ा टाल | चौपट। सत्यानाश। |
| लोथ गिरना | मारा जाना। निहित होना। |
| लोथ डालना | मार गिराना। प्राणान्त करना। हत्या करना। |
| लोथारी डालना | लोथारी लंगर को या थोड़े पानी में डालकर तल की थाह लेते हुए नाव को किनारे लगाना। |
| लोथारी थानना | ठीक मार्ग से होकर नाव को किनारे लगाना। |
| लोथों की भीत उठाना | अनेक मनुष्यों को मारना। उ०- लोथनि पै लोथनि की भीति उठि जायगी। रत्ना०। |
| लोन खाना | अन्न खाना। पाला जाना। दास होना। उ०-पाछे |

| | |
|---|---|
| | कह्यौ लंकापति सुनौ हनुमान कपि रामचंद्र ही को एक तही लौन खायो है। हनुमान्नाटक । |
| लौन डराना | नमकीन बनाना। |
| लौन न मानना | किसी का उपकार न मानना।उ०- नैनन को अब नाहिं पत्याऊं।बहुधौ उनकौ बोलति हौं तुम लाइ लाइ लीजे नाहिं नाऊं।अब उनको मैं नाहिं बसाऊं मेरे उनको नाही ठाऊं।व्याकुल भव डोलत हौं ऐसेहि वे जहं रहैं तहां नाहिं जाऊं।लाइ बढ़ाइ बड़े जब कीन्हे बसे जाइ अब औरहि गाऊं।अपनो कियौ आप पावैंगे मैं काहे उनको पछिताऊं।जो लौन हमारो मान्यौ कहा कहौं कहि काहि सुनाऊं।सूरदास मैं इन बिन रहिहौं कृपा करौ उनको सरमाऊं। सूर । |
| लौन निकलना | नमकहरामी का फल मिलना।अकृतज्ञता का फल पाना।उ०- ताते मन पौज्यित पौर वरतौर मिसि फूटि फूटि निकसत है लौन राम राय को।तुलसी। |
| लौन सा लगना | अरूचिकर होना।अप्रिय होना।उ०- राजै लौन सुनावा लागहु दूं जस लौना।बाइ कुंहाइ मलिर कहं सिंह जान औ गौना। जायसी । |
| लोह चबाना | युद्ध मैं संगा घात सहना।उ०- लान पिवारैं का क्षत्रिगन जे रन ठाढ़े लोह चबायं।आ० खं० । |
| लोहा करना | इस्तरी करना। |
| लोहा गहना | युद्ध के लिए हथियार उठाना।युद्ध करना।उ०- लोह गहै लालच करि जिय को औरौ सुभट लजावै। सूरदास प्रभु जीति शत्रु को कुशल छेम घर आवै।सूर । |
| लोहा बजना | युद्ध होना।उ०-तीन महीना लोहा बाजा।नदिता बितवां के मैदान।आ० खं०।संघर्ष होना। |
| लोहा बरसना | तलवार चलना।घमासान युद्ध होना। |
| (किसी का)लोहा मानना | (किसी का)प्रभुत्व स्वीकार करना।किसी विषय मैं किसी से दबना।पराजित होना।हार जाना। |

| | |
|---|---|
| (किसी से) लोहा लेना | लड़ना। युद्ध करना। लड़ाई करना। उ०- सनमुख लोह भरत सन लेऊं। जियत न सुरसरि उतरन देऊं। तुलसी। साहसपूर्वक सामना करना। |
| लोहारखाने मैं सेवइयां बेचना | बेवकूफी का काम करना। |
| लोहे का चना | अत्यन्त कठिन काम। दुष्कर कार्य। विकट कार्य। |
| लोहे का दिल | निष्ठुर हृदय। |
| लोहे का पानी | तलवार आदि पर चढ़ाया जानेवाला पानी। |
| लोहे के चने चबाना | अत्यन्त कठिन काम करना। |
| लोहे ठंढ़े होना | उमंग का कम हो जाना। |